अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनांक 09–09–2019 को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता की प्रेरणा से राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का विषय भारतीय संविधान व अनुच्छेद 370 था । यह व्याख्यान डॉ. इन्दू, भारती महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया। मुख्य वक्ता ने अपने वक्तव्य में भारतीय संविधान की जानकारी देते हुए 370 के बारे में बताया कि अनुच्छेद 370 जम्मू–कश्मीर को विशेष दर्जा देता है और इस अनुच्छेद की धारा किन परिस्थितियों में लागू की गई एवं इसके हटाने के सम्भावित प्रभाव क्या रहेंगे के बारे में विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों ने अन्त में इससे संबंधित अनेक प्रश्न पूछे जिनके मैडम ने उनकी जिज्ञासा शान्त करते हुए संतोषजनक जवाब दिये। इस अतिथि व्याख्यान का आयोजन राजनीति शास्त्र विभागाध्यक्षा डॉ. रितु व श्रीमती ज्योति डागर द्वारा करवाया गया। इस अतिथि व्याख्यान में 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया ।